कुल छपे पृष्ठों की संख्या -04
कुल छपे प्रश्नों की संख्या -30

नामांक ROLL NO. ____________ **BSS-X-1**

# अर्द्ध वार्षिक परीक्षा, 2017-18

## कक्षा - 10 X

समय : 3¼ घंटे | विषय - हिन्दी अनिवार्य | पूर्णांक : 70

### खण्ड-1

I. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 4

दुःख के वर्ग में जो स्थान भय का है, वही स्थान आनन्द-वर्ग में उत्साह का है। भय में हम प्रस्तुत कठिन स्थिति के नियम से विशेष रूप में दुःखी और कभी-कभी उस स्थिति से अपने को दूर रखने के लिए प्रयत्नवान भी होते हैं। उत्साह में हम आने वाली कठिन स्थिति के भीतर साहस के अवसर के निश्चय द्वारा प्रस्तुत कर्म-सुख की उमंग से अवश्य प्रयत्नवान होते हैं। उत्साह में कष्ट या हानि सहने की दृढ़ता के साथ-साथ कर्म में प्रवृत्त होने के आनन्द का योग रहता है। साहसपूर्ण आनन्द की उमंग का नाम है उत्साह। कर्म-सौंदर्य के उपासक ही सच्चे उत्साही कहलाते हैं।

1. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1
2. उत्साह क्या है? 1
3. सच्चे उत्साही कौन कहलाते हैं? 2

II. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 4

तेजस्वी सम्मान खोजते
    नहीं गोत्र बतला के
पाते हैं जग से प्रशस्ति
    अपना करतब दिखलाके।
हीन मूल की ओर देख,
    जग गलत कहे या ठीक
वीर खींचकर ही रहते हैं
    इतिहासों में लीक।

4. उपर्युक्त पद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए? 1
5. तेजस्वी किस प्रकार प्रशस्ति प्राप्त करते हैं? 2
6. इतिहासों में लीक कौन खींचते हैं? 1

कृ.प.उ.



### खण्ड-2

7. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर प्रस्तुत बिंदुओं के आधार पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिए- 6

(क) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ
(i) प्रस्तावना (ii) लिंगानुपात में बढ़ता अंतर (iii) समाज की बदलती मानसिकता (iv) उद्देश्य (v) उपसंहार

अथवा

(ख) स्वच्छता का महत्त्व
(i) स्वच्छता क्या है? (ii) स्वच्छता के प्रकार (iii) स्वच्छता के लाभ (iv) हमारा योगदान (v) उपसंहार

अथवा

(ग) पर्यावरण संरक्षण
(i) पर्यावरण का अर्थ (ii) प्रदूषण के कारण (iii) प्रदूषण के दुष्परिणाम (iv) प्रदूषण रोकने के उपाय (v) उपसंहार

अथवा

(घ) यदि मैं विद्यालय का प्रधानाध्यापक होता
(i) प्रधानाध्यापक की भूमिका एवं महत्त्व (ii) प्रधानाध्यापक के कर्त्तव्य (iii) विद्यालय के विकास हेतु प्रयास (iv) उपसंहार

8. स्वयं को अजय त्रिपाठी मानते हुए नगर निगम के प्रशासक को एक पत्र लिखिए जिसमें बढ़ते हुए प्रदूषण की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए शहर में सफाई की समुचित व्यवस्था न होने की शिकायत की गई हो? 4

अथवा

स्वयं को नीरज मानते हुए, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के उपन्यास मँगवाने के लिए राजकमल प्रकाशन, दिल्ली को एक पत्र लिखिए।

### खण्ड-3

9. क्रिया विशेषण की परिभाषा बताते हुए इसके भेदों के नाम लिखिए? 2
10. 'मैदान में बच्चे खेल रहे हैं।'- वाक्य में निहित कारक, काल और वाच्य बताइए? 2
11. 'दशानन' पद में प्रयुक्त समास का नाम बताते हुए उसकी परिभाषा लिखिए? 2
12. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए-
(क) तुम वापस लौट जाओ। 1

(ख) वृक्षों पर कौवा बोल रहा है। 1

13. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए- 2

(क) आँखों में धूल झोंकना

(ख) दोनों हाथो में लड्डू होना

14. 'एक पंथ दो काज' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। 1

## खण्ड-4

15. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- 6

बूझत स्याम कौन तू गोरी।
कहाँ रहती काकी है बेटी, देखी नहीं कबहूँ ब्रज-खोरी।।
काहे को हम ब्रज-तन आवति, खेलत रहति आपनी पोरी।।
सुनत रहति स्रवननि नंद ढोटा, करत फिरत माखन दधि-चोरी।।
तुम्हरे कहा चोरि हम लैहें, खेलन चलो संग मिलि जोरी।।
सूरदास प्रभु रसिक सिरोमनि, बातनि भुरई राधिका भोरी।।

अथवा

अभी न होगा मेरा अंत
अभी -अभी ही तो आया है
मेरे जीवन में मृदुल वसन्त
अभी न होगा मेरा अन्त।
हरे-हरे ये पात
डालियाँ कलियाँ कोमल गात।
मैं ही अपना स्वप्न मृदुल कर
फेरुँगा निद्रित कलियों पर
जगा एक प्रत्यूष मनोहर।

16. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- 6

पढ़ने-लिखने में स्वयं कोई बात ऐसी नहीं जिससे अनर्थ हो सके। अनर्थ का बीज उसमें हरगिज नहीं।

अनर्थ पुरुषों से भी होते हैं। अपढ़ों और पढ़े-लिखो दोनों से। अनर्थ, दुराचार और पापाचार के कारण और ही होते हैं और वे व्यक्ति- विशेष का चाल-चलन देखकर जाने भी जा सकते हैं। अतएव स्त्रियों को अवश्य पढ़ाना चाहिए।

अथवा





सूर्य का गोला पानी की सतह से छू गया। पानी पर दूर तक सोना ही सोना ढुल आया। पर वह रंग इतनी जल्दी बदल रहा था कि किसी भी एक क्षण के लिए उसे एक नाम दे सकना असंभव था। सूर्य का गोला जैसे एक बेबसी में पानी के लावे में डूबता जा रहा था। धीरे-धीरे वह पूरा डूब गया और कुछ क्षण पहले जहाँ सोना बह रहा था, वहाँ अब लहू बहता नजर आने लगा। कुछ और क्षण बीतने पर वह लहू भी धीरे-धीरे बैंजनी और बैंजनी से काला पड़ गया।

17. 'कल और आज' कविता का मूल भाव लिखिए? (शब्द सीमा 200 शब्द) 5

अथवा

'लक्ष्मण-परशुराम संवाद' पाठ के आधार पर परशुरामजी के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए? (शब्द सीमा-200 शब्द)

18. सन्तकाव्य धारा में पीपा का योगदान स्पष्ट कीजिए? (शब्द सीमा-200 शब्द) 5

अथवा

'ईर्ष्या की बेटी का नाम निंदा है।' 'ईर्ष्या तू न गई मेरे मन से' पाठ के आधार पर पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए? (शब्द सीमा- 200 शब्द)

19. 'अँखियाँ मधु की मखियाँ भई मेरी' कवि देव की इस पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए? 2

20. 'रजिया रा सोरठा' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि हिम्मत की ही कीमत होती है? 2

21. 'पाठिका थी वह धुँधले प्रकाश की'- कन्यादान कविता के आधार पर बताइए कि कवि ने बेटी के लिएं ऐसा क्यों कहा? 2

22. 'बच्चे हामिद ने बूढ़े हामिद का व बूढ़ी अमीना ने बालिका अमीना का पार्ट खेला था।' कैसे? 'ईदगाह' कहानी के आधार पर समझाइए? 2

23. नशीले पदार्थों का सेवन करने के दुष्परिणामों पर टिप्पणी लिखिए? 2

24. वाहन चलाते समय क्या-क्या सावधानियाँ रखनी चाहिए? 1

25. 'प्रभो' कविता के आधार पर बताइए कि मनोरथ पूर्ण कब होते हैं? 1

26. 'ऋतुवर्णन' कविता में ऋतुराज किसे कहा गया है? 1

27. 'दादूंखोल' से क्या तात्पर्य है? 1

28. संत पीपा के गुरु का नाम बताइए? 1

29. महादेवी वर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दीजिए? 2

30. महाकवि तुलसीदासजी का परिचय दीजिए? 2

□□□